**भारत सरकार**

**संचार मंत्रालय**

**डाक विभाग**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3048**

**उत्तर देने की तारीख 27 मार्च, 2025**

**सरकारी डाक सेवाओं की दक्षता/राजस्व अर्जन में सुधार करने हेतु कदम**

**3048. डॉ. अजित माधवराव गोपछड़े :**

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) क्या सरकार, यह देखते हुए कि निजी कूरियर सेवाएं अपने ग्राहकों को प्रत्येक शिपमेंट के लिए ट्रैकिंग नंबर प्रदान करती हैं, अपनी सभी डाक सेवाओं को पंजीकृत या ट्रैक करने की योजना बना रही है;

(ख) क्या सरकार सभी राज्य सरकारों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को दस्तावेज सुरक्षा के लिए अनन्य रूप से डाक सेवाओं का उपयोग करने की सलाह देने का विचार कर रही है;

(ग) क्या सरकार डाक विभाग की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न डाक सेवाओं की दरों का समायोजन करने की योजना बना रही है; और

(घ) सरकार द्वारा नियमित अंतराल पर प्रत्येक डाकघर द्वारा अर्जित राजस्व की निगरानी करने और ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) डाक विभाग, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मेल उत्पादों जैसे स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट, पार्सल और मनीऑर्डर के लिए पहले से ही ट्रैकिंग सुविधा प्रदान कर रहा है।

(ख) अनन्य रूप से डाक विभाग की सेवाओं के प्रयोग हेतु कोई अधिदेश नहीं है।

(ग) डाक विभाग, विभिन्न डाक उत्पादों की दरों में समय-समय पर आवश्यकतानुसार संशोधन करता है।

(घ) डाकघरों द्वारा अर्जित राजस्व की, नियमित अंतराल पर, कई स्तरों पर निगरानी की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए विभाग द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :

(i) विभिन्न स्तरों पर डाक सेवाओं के प्रभावी कार्य-निष्पादन प्रबंधन तथा निगरानी के लिए मेल नेटवर्क का इष्टतम प्रयोग परियोजना (एमएनओपी) और पार्सल नेटवर्क का इष्टतम प्रयोग परियोजना (पीएनओपी) को लागू किया गया है।

(ii) द्वार पर डिलिवरी के समय मोबाइल ऐप्लिकेशन के माध्यम से रियल टाइम डिलिवरी स्टेटस अद्यतन करने की सुविधा उपलब्ध है।

(iii) सभी शाखा डाकघरों को मोबाइल उपकरण, थर्मल प्रिंटर तथा बायोमीट्रिक उपकरण जैसे आधुनिक डिजिटल टूल मुहैया कराए गए हैं, जो स्टाफ को डाक, वित्तीय तथा बीमा आदि से संबंधित विभिन्न लेन-देन डिजिटल माध्यमों से करने में सक्षम बनाते हैं।

(iv) डाकघर बचत योजना खाताधारकों हेतु पहुंच और सुविधा को बढ़ाने के लिए इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, ई-केवाईसी, ई-पासबुक आदि जैसी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

(v) यंत्रीकृत डिलिवरी के माध्यम से पार्सल वितरण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से नोडल डिलिवरी केंद्रों की स्थापना की गई है।

*****